भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4380
जिसका उत्तर मंगलवार 08 जनवरी, 2019 को दिया जाना है

वाहनों की बिक्री

4380. श्री शिशिर कुमार अधिकारी:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गत साढ़े तीन सालों में 2016-17 के दौरान चार पहिया वाहनों और दुपहिया वाहनों की बिक्री में कमी आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि जुलाई, 2018 से अक्तूबर, 2018 तक, गत वर्ष की समरूपी अवधि की तुलना में कारों की बिक्री कम थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है/की जा रही है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): सोसाइटी ऑफ इंडिया ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चर्स (एसआईएएम) द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, पिछले तीन सालों में चौपहिया और दुपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि हुई है। हालांकि, विनिमय दर में उतार-चढ़ाव, केरल में बाढ़ और अन्य कारकों के बीच गत वर्ष की समरूपी अवधि में अधिक पोस्ट-जीएसटी बिक्री जैसे अनेक कारणों से पिछले कुछ महीनों में यात्री वाहनों की बिक्री प्रभावित हुई है।

(ग): ऑटो उद्योग उदारीकृत क्षेत्र में है और बाजार के निर्धारण के अनुसार उद्योग पिछले कुछ वर्षों से अच्छी तरह से विकसित हुआ है। वाहनों की बिक्री में सरकार की कोई सीधी भूमिका नहीं है।

****